# समदड़िया के लिए सिंधी कैम्प और चाणक्यपुरी कॉलोनी का नक्शा सुधारने में जुटा जिला प्रशासन

**सतना।** सरकार की गाइड लाइन से भी कम रेट में जमीन हासिल करने वाले समदडिया बिल्डर्स की गलती को सही करने के लिए जिला प्रशासन ने अब सिंधी कैम्प और चाणक्यपुरी कॉलोनी के नक्शे में सुधार करने का काम फिलहाल शुरू कर दिया है। इसके लिए समदडिया के प्रतिनिधि मंडल पिछले दिनों जिला प्रशासन के जिम्मेदार अफसर से मुलाकात की थी। इस बैठक में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, एडीएम स्वप्निल वानखेड़े,निगमायुक्त शेर सिंह मीना,एसडीएम राहुल सिलाडिया मौजूद रहे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस मसले पर कोई भी अधिकारी आधिकारिक तौर पर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है।बस डिपो के अंश भाग को खरीदने के बाद समदडिया का प्लाट नामांतरण के लिए अटका हुआ है। इसे लेकर बुधवार को कलेक्टर से समदडिया का प्रतिनिधिमंडल मिला। इस मुलाकात और चर्चा के बाद यह तय किया गया है कि नक्शे का मिलान अगर नहीं हो रहा है तो यहां का नक्शा सुधार किया जाए। अब कहा जा रहा है कि यहां का नक्शा गलत है। अभी तक इतनी खरीद बिक्री यहां जमीनों की हुई लेकिन कोई शिकायत नहीं आई। लेकिन समदडिया के मामले में ही नक्शा गलत हो गया।




## इस तरह होगा नक्शा सुधार

नक्शा सुधार के लिए इस आराजी से लगे सिंधी कैम्प और चाणक्यपुरी कालोनी के कई बटांक नंबरों का सुधार किया जाएगा। इसके लिए संबंधित भू-स्वामियों का भी पक्ष लिया जाएगा। कुल मिलाकर अब बड़ी प्रक्रिया इसके लिए जिला प्रशासन करने जा रहा है। जबकि यह गलती लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग और समदडिया की है। पूरा खेल गुपचुप तरीके से ऊपर ही ऊपर हुआ और अब गलती पकड़ में आई तो नक्शा गलत बता दिया गया। न्यायालयीन कार्यवाही के बाद समदडिया बिल्डर्स ने आनन फानन में रजिस्ट्री करवाई। राजस्व अधिकारियों से जमीन की जानकारी लिए बिना खुद की समझ पर संबंधित नंबरों की रजिस्ट्री करवा ली। नामांतरण के लिए पहुंचे तो पता चला कि इनके नंबरों का मिलान मूल नक्शे से नहीं हो रहा है। हुआ यह है कि जिन नंबरों की रजिस्ट्री हुई है वे नंबर अगल बगल न होकर काफी दूर-दूर हैं। लिहाजा इन नंबरों को अगल बगल लाने के लिए सिंधी कैम्प और चाणक्यपुरी के नक्शे सुधारे जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### गुमशुदा बालक को खोजने पर कलेक्टर ने किया पुलिस कर्मियों का सम्मान

**मैहर।** फदेपुर निवासी एवं मैहर के बेटे आकाश कुमार रैदास की सकुशल घर वापसी पर एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर रानी बाड़ट द्वारा इस कार्य में सहयोगी रहे पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। समारोह में उन बच्चों को भी वस्तुएं समर्पित की गईं जो पूर्व में गुम हो चुके थे और बाद में पुलिस व प्रशासन के प्रयासों से अपने परिवार से पुनः मिल पाए। यह आयोजन मानवीय संवेदनाओं का प्रतीक बना और समाज में एक सकारात्मक संदेश देने वाला साबित हुआ। समारोह में समाजसेवी, पत्रकारगण एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने प्रशासनिक प्रयासों की सराहना की और आकाश की वापसी को एक प्रेरणादायक घटना बताया। इस प्रेरणा दायक आयोजन के सृजनात्मक पहल एडीएम शैलेन्द्र सिंह ने की थी जिसमें तहसीलदार जितेन्द्र पटेल, कार्यपालन यंत्री बीके सिंह, जनपद पंचायत मैहर राम लाल रावत,खंड पंचायत अधिकारी, पीडब्ल्यूडी डीएसडीओ आरके शुक्ला सहित प्रशासन के लोग समाजसेवी शिक्षाविद अरुण तनय मिश्रा,शिक्षा विद संजय गुप्ता, संजय जादवानी, छोटू मैनी, आनन्द अग्रवाल, विक्की अग्रवाल, अभिषेक जैसवाल, शैलेंद्र तिवारी, जयंत जैन उपस्थित रहे।

### बस स्टैण्ड में अभी तक नहीं खुला प्याऊ

**मैहर।** अप्रैल माह शुरू होते ही भीषण गर्मी का प्रकोप जारी हो गया है जिसके चलते नगर में खोले जाने प्याऊ कई स्थानों में नहीं खुलने से आने जाने वाले लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ता है। मैहर नगर के राज्य परिवहन बस स्टैण्ड में अभी तक प्याऊ नहीं खोला गया है जब कि सुबह से लेकर देर रात्रि तक यहां पर खड़ी होने वाली बसों के यात्री पानी की तलाश में इधर उधर भटकने लगते हैं। इन यात्रियों में जो संपन्न लोग होते हैं वह दुकानों से बोतल का पानी खरीद कर प्यास बुझा लेते हैं मगर जो गरीब तबके के लोग होते हैं वह खरीद कर पानी नहीं पी पाते हैं जिनके लिए इस स्थान पर प्याऊ खोलना बहुत ही आवश्यक है।बताया जा रहा है कि इस संबंध में नगर पालिका परिषद का ध्यान आकृष्ट कराया गया था मगर आज तक प्याऊ नहीं खोला गया है। बस स्टैण्ड की जनता ने नगर पालिका परिषद मैहर की अध्यक्षा श्रीमती गीता सोनी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए शीघ्र ही प्याऊ खोलने की मांग की है।

### मूक पशुओं की पीड़ा पर प्रशासन को ध्यान देने की आवश्यकता

**मैहर।** नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत छोटा अखाड़ा आश्रम के पास जिस प्रकार नगर का तथा कथित विकास हो रहा है वह वास्तव में चिंता का विषय बन गया है। कभी इस धार्मिक स्थल के पास पूरे शहर की गंदगी जमा होती है तो कभी खुले नाले में गिरते हुए गौवंश की तस्वीरें देखने का मिल रही है। लेकिन इस बीच न तो जनप्रतिनिधियों का ध्यान है और न ही प्रशासन की कोई संवेदनशीलता दिखाई देती है। हिन्दू आस्था के प्रतीक स्थलों के आसपास ऐसी अव्यवस्था न केवल आस्था को ठेस पहुंचाती है बल्कि मूक पशुओं की पीड़ा भी अनदेखी कर दी जाती है। मैहर के मां शारदा देवी रोड पर स्थित छोटा अखाड़ा के सामने बने नाले में गौवंश गिरते रहते है। इसी प्रकार कल भी एक गौवंश नाले में गिर गया है।

# ठेकेदार को खुली छूट... जहां चाहो वहां सड़क खोद डालो!!

### जनता परेशान, अफसर की सेहत में कोई फर्क नहीं

**सतना।** सीवर लाइन को लेकर नगर के विभिन्न हिस्सों में चल रहे काम के कारण जहां शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गयी है। मुख्य सड़कों पर खोदे गये गड्ढों के कारण ट्राफिक को डायवर्ट किया गया है। सिटी कोतवाली से लेकर नजीराबाद तक के बीच में चल रहे निर्माण कार्य के कारण दो पहिया,चार पहिया वाहनों के अलावा आटो चालकों को भी काफी दिकत का सामना करना पड़ रहा है। वजह यह कि नजीराबाद से सिटी कोतवाली, धवारी, राजेन्द्रनगर, सिविल लाइन जाने के लिये आटो चालकों को डालीबाबा चौराहे से गलियों से होते हुये सिटी कोतवाली तक आना पड़ रहा है। इसके अलावा दूसरा मार्ग गौशाला चौक पहुंचने के बाद चांदनी टाकीज रोड से होकर अन्य स्थानों की ओर आगे बढन्ना पड़ रहा है। एक ही सड़क पर कई मोहल्लों का ट्राफिक होने के कारण दिन में कई बार जाम की समस्या उठ खड़ी हो रही है। दरअसल सीवर लाइन का निर्माण करा रही एजेन्सी द्वारा कछुआ की चाल से काम कराया जा रहा है। दूसरी बात यह है कि इनके द्वारा पहले से कोई योजना तैयार नहीं की गयी।जहां मन आया खोद दिया और लाइन बिछाने लगे। हालांकि यह काम भी एक साथ लग कर नहीं किया जा रहा है,जिससे आम जन को आवागमन में काफी दिकतों का सामना करना पड़ रहा है।

### रोजाना फूट रही है पाइप लाइन

नागरिकों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक कृष्णनगर के पास सीवर लाइन बिछाने के लिये निर्माण एजेन्सी द्वारा खुदवाये गये लबे-चौड़े गड्ढे में जहां रात के समय वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं,वहीं मेन पाइप लाइन फोड़ दिये जाने के कारण शहर के विभिन्न हिस्सों में जलापूर्ति दो दिन से ठप्प है। पानी की सप्लाई न होने से भीषण गर्मी के दौरान जहां लोग बूंद-बूंद पानी के लिये तरस रहे हैं। न तो पीने व अन्य कामों के लिये पानी मिल पा रहा है और न ही नहाने-धोने के लिये पानी नसीब हो रहा है।यह कोई पहली बार नहीं हुआ है। इसके पहले भी अलग-अलग स्थानों पर पाइप लाइन टूटने से जलापूर्ति बंद हो चुकी है।जिसके कारण लोग काफी परेशानी भुगत चुके हैं।आखिर यह सब कब तक चलता रहेगा। इसी तरह से जगतदेव तालाब के पास सीवर लाइन के गड्ढे में एक टैंकर धंस जाने की खबर मिली है। हालांकि इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिल पायी।

# सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत

**रामपुर बघेलान के झांझर गांव के पास हुआ हादसा, एक युवक गंभीर रूप से घायल**



**सतना।** रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र के झांझर गांव के पास अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई,जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। हादसा शुक्रवार दोपहर साढ़े 3 बजे उसे वक्त हुआ जब मोटरसाइकिल सवार रीवा से सतना लौट रहे थे। पुलिस घटना की जांच कर रही है। बताया जाता है कि तीनों युवक एक ही मोटरसाइकिल पर रीवा से अपने गांव सिजहटा लौट रहे थे। झांझर गांव के पास सामने से आ रहे भारी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों युवक सड़क पर गिर गए। दो युवकों की मौके पर हुई मौत राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में से एक की पहचान 18 साल के करण कोल के रूप में हुई है। वो सिजाहटा का रहने वाला था। दूसरे मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

एक युवक का इलाज जारी

घायल युवक की पहचान सिजाहटा निवासी अमित रावत 25 वर्ष के रूप में हुई है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही एक मृतक के परिजन अस्पताल पहुंच गए। रामपुर बघेलान थाना पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।



### दिव्यांगजन, निरामया स्वास्थ्य बीमा योजना का उठाएं लाभ

**कटनी।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निरामया स्वास्थ्य बीमा योजना ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, बौद्धिक विकलांगता और बहु विकलांगता से ग्रसित व्यक्तियों को आर्थिक और चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए लागू की गई है। इस योजना के तहत सभी आयु वर्ग के दिव्यांगजन लाभ प्राप्त कर सकते हैं। बीपीएल परिवारों के लिए 250 रुपए और एपीएल परिवारों के लिए 500 रुपए के वार्षिक प्रीमियम पर एक लाख रुपए तक का बीमा लाभ दिया जाता है। इसमें अस्पताल में भर्ती होने का खर्च, सुधारात्मक सर्जरी, ओपीडी खर्च, दवाएँ, जाँच और निदान, दंत चिकित्सा, फिजियोथेरेपी और वैकल्पिक चिकित्सा जैसी सुविधाएँ शामिल हैं। इसके अलावा दिव्यांगजनों की परिवहन लागत के लिए भी सहायता दी जाती है। योजना का लाभ उठाने के लिए दस्तावेजों में यूडीआईडी कार्ड, विकलांगता प्रमाण पत्र, लाभार्थी का आधार कार्ड, माता-पिता का आधार कार्ड, लाभार्थी की फोटो, बीपीएल कार्ड, आय प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, लाभार्थी के बैंक खाते का विवरण और समग्र आईडी शामिल है। केंद्र में दिव्यांग हितग्राहियों की निःशुल्क दैनिक देखभाल, फिजियोथेरेपी, विशेष शिक्षा, कौशल विकास प्रशिक्षण और नियमित चिकित्सा परामर्श की सुविधाएँ उपलब्ध हैं। दिव्यांगजनों से संबंधित अन्य योजनाओं की जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति संबंधित कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

## 40 डिग्री और धूल भरी आंधी से सड़क पर चलना हुआ मुश्किल

**सतना।** दो दिन से जिले में दिन में मौसम का पारा करीबन 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास चढ़ा हुआ है। वहीं पश्चिमी विक्षोभ एवं राजस्थान की तरफ से चलने वाली गर्म हवाओं के कारण प्रदेश के कई जिलों के साथ सतना जिले में भी धूल भरी आंधी चल रही है। जिसके कारण लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आंख में चश्मा लगाये बगैर और मुंह में कपड़ा बांधे बिना सड़क पर निकलना मुश्किल हो गया है। उधर,वर्षा की आशंका से किसान बेहद चिंतित हैं। क्योंकि बड़ी संख्या में किसानों की फसलें खेतों में खड़ी हुई है। जिनकी फसलें कट चुकी हैं वो भी खलिहानों में पड़ी हुई है। आये परिवर्तन के परिणामस्वरूप जहां खांसी,बुखार,उल्टी जैसी बीमारियां पांव पसार रही हैं,वहीं धूल भरी आंधी के कारण वाहन चालकों को वाहन चलाने में काफी परेशानी हो रही है। इसके अलावा शहर में सीवर लाइन को लेकर विभिन्न स्थानों पर खुदवाये गये गड्ढों के पास पड़ी मिट्टी आंधी में उड़-उड़ कर लोगों के घर-मकानों और दुकानों में भर रही है। जिसके कारण बार-बार साफ-सफाई की समस्या उठ खड़ी हुई है। ग्रामीणों की माने तो तेज आंधी के कारण झूलते हुये बिजली तार आपस में टकराकर अग्निकाण्ड का कारण बने हुये हैं। इस वजह से अब तक कई स्थानों पर खेत-खलिहान, ट्रैक्टर-ट्राली में आग लग चुकी है। जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसके साथ ही आसपास के वन क्षेत्र में खड़े हरे भरे वृक्षों में भी लगातार आग लगने से हाहाकार मचा हुआ है। इस वजह से आसपास की बसाहट के ग्रामीण बेहद चिंतित हैं।

# बिजली की तार से ट्रैक्टर ट्राली में लगी आग से गेहूं की फसल जलकर खाक



**सतना।** मैहर में शुक्रवार सुबह 11 बजे गेहूं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में आग लग गई,जिससे उसमें रखी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। जिससे लगभग डेढ़ लाख का नुकसान हो गया। घटना अमरपाटन थाना क्षेत्र के बीदा गांव की है।

### बिजली के झूल रहे तार से ट्रॉली में लगी आग

किसान प्रदुम्न रावत अपनी गेहूं की फसल को ट्रैक्टर-ट्रॉली में लोड कर ले जा रहे थे। रास्ते में उनकी ट्रॉली झूल रहे बिजली के तार से टकरा गई। जिससे तार से चिंगारी निकलने लगी और ट्रॉली में लदी फसल में आग लग गई। मौके पर मौजूद किसानों ने आग बुझाने का प्रयास किया। किसानों ने आग पर काबू पाने के लिए ट्रॉली को ट्रैक्टर की मदद से पलट भी दिया गया। लेकिन आग को बुझाया नहीं जा सका। किसानों ने फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी। लेकिन जब तक दमकल की टीम मौके पर पहुंची, तब तक पूरी फसल जलकर राख हो चुकी थी।

**शॉर्ट सर्किट से 2 एकड़ की फसल जली,ग्रामीणों ने बुझाई आग**

इसी प्रकार खेरवा टोला गांव में शुक्रवार सुबह एक हादसा हुआ। शॉर्ट सर्किट से खेत में आग लग गई। आग ने देखते ही देखते आसपास के खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में पप्पू गौतम,नत्थू गौतम,मंटू गौतम और रिंकू गौतम के खेतों में लगी गेहूं की फसल पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। ग्रामीणों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड को रवाना किया गया,लेकिन वह मौके पर नहीं पहुंच सकी। इसके बाद ग्रामीणों ने खुद ही मोर्चा संभाला। उन्होंने पानी और अन्य संसाधनों की मदद से आग पर काबू पाया।हादसे में करीब दो एकड़ खड़ी फसल जलकर राख हो गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।



## जिला स्तरीय पुस्तक मेला आज से 14 अप्रैल तक व्यंकट 2 में

**सतना।** नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 के प्रारंभ होने पर छात्रों एवं अभिभावकों को पुस्तकें और गणवेश उचित मूल्य पर सुलभ कराने जिला स्तरीय पुस्तक एवं गणवेश मेला 12 अप्रैल से 14 अप्रैल तक शासकीय उ.मा.वि.व्यंकट क्रमांक-2 सतना में आयोजित किया जा रहा है। पुस्तक मेला में छात्र एवं अभिभावक पुस्तकें, यूनिफार्म, कॉपी,स्‌टेशनरी एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री इस मेले में उचित मूल्य पर क्रय कर सकेंगे। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने सभी विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयकों को इस हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके साथ ही मेले में पुस्तकों के प्रकाशकों,स्थानीय पुस्तक एवं स्टेशनरी विक्रेताओं,सह शैक्षणिक सामग्री तथा यूनिफार्म विक्रेताओं को आमंत्रित करने और मेले में सामग्री की उचित मूल्य पर उपलब्धता का व्यापक प्रचार-प्रसार छात्रों और अभिभावकों के बीच किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

### मैहर में शासकीय कन्या उ.मा.वि. में लगेगा पुस्तक मेला

मैहर जिले में नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 के प्रारंभ होने पर छात्रों एवं अभिभावकों को पुस्तकें और गणवेश उचित मूल्य पर सुलभ कराने जिला स्तरीय पुस्तक एवं गणवेश मेला 12 अप्रैल से 14 अप्रैल तक शासकीय कन्या उ.मा.वि. मैहर में आयोजित किया जायेगा।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने हवाई अड्डे मामले पर किया आर-पार की लड़ाई का ऐलान



### कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन,हवाई अड्डे का रनवे 1800 मी किए जाने की मांग

**सतना।** जिला कांग्रेस कमेटी ने हवाई अड्डे में की गई अनियमितताओं व रनवे को छोटा किए जाने के कारण बड़े विमानों की लैंडिंग में आ रही अड़चनों को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है व हवाई अड्डे के रनवे को बढ़ाकर 1800 मी किए जाने की मांग की है। कांग्रेस का आरोप है कि सत्ता दल के नेताओं की आपसी खींचतान के कारण जानबूझकर रनवे को छोटा रखा गया है,जिससे सतना जैसे महत्वपूर्ण जिले को हवाई सुविधा से वंचित किया जा सके। पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए,तो पार्टी आर-पार की लड़ाई लडेगी।

खबर संक्षेप

## खेत में काटकर रखी एक एकड़ की गेहूं की फसल जलकर हुई खाक



**अमानगंज** । क्षेत्र में खेतों में लगी गेहूं की फसल में आग लगने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हर दिन आग से किसानों को आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड़ रहा है। शार्ट सर्किट सहित अन्य कारणों से फसल में आग लग रही है। अमानगंज क्षेत्र के ग्राम ढूंरोहा गोविंद प्रजापति के खेत में आज शाम 4 बजे बिजली शॉर्ट सर्किट से आग लग जाने के चलते खेत में रखी फसल जलकर खाक हो गई, फरियादी ने अमानगंज थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई जहां अमानगंज पुलिस मौके पर पहुंची, वहीं पन्ना फायर ब्रिगेड पानी मशीन मौके पर पहुंची जबतक ग्राम वासियोंके सहयोग से आग में काबू पा लिया।

## नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए हुई बैठक



**पन्ना**। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजाराम भारतीय के निर्देशन तथा विशेष न्यायाधीश एवं नोडल अधिकारी जयशंकर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिए आज प्रि-सिटिंग बैठक का आयोजन किया गया। आगामी 10 मई को जिले के समस्त न्यायालयों में लोक अदालत लगेगी। इस संबंध में नोडल अधिकारी द्वारा जिला न्यायालय के एडीआर सभागृह में संपन्न हुई संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक में नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए गए। इसके अलावा शमनीय योग्य अधिकाधिक प्रकरणों को रखने के लिए निर्देशित किया गया। बैंक अधिकारियों से पक्षकारों को समयावधि में नोटिस प्रेषित करने के साथ संपर्क स्थापित कर लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण से पक्षकारों को होने वाले लाभ के बारे में अवगत कराने के लिए भी कहा। व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ ने संबंधित विभाग प्रमुखों से अपने स्तर पर आमजन एवं संबंधित पक्षकारों को लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण करवाने तथा आवश्यक प्रचार-प्रसार के लिए निर्देश दिए। बैठक में विद्युत विभाग के कार्यपालन यंत्री अमितेश मिश्रा, उप पंजीयक अखिलेश्वर सिंह भी उपस्थित रहे।

## नवीन अनमोल पोर्टल 2.0 प्रारंभ

**पन्ना**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा विगत दिवस नवीन अनमोल पोर्टल 2.0 का शुभारंभ किया गया। नवीन पोर्टल से मातृ मृत्यु दर को कम करने को लेकर विभाग अब हर गर्भवती महिला की हेल्थ ट्रेकिंग करेगा। विभाग द्वारा पोर्टल को अपग्रेड कर दिया गया है। एएनएम, सीएचओ से लेकर शासकीय अस्पताल में आने वाली गर्भवती महिलाओं की एंट्री अनमोल पोर्टल 2.0 पर करनी होगी। पोर्टल पर एएनएम एवं सीएचओ से लेकर भोपाल के अधिकारियों को गर्भवती महिला का समस्त हेल्थ डाटा दिखने लगेगा, कौन-कौन सी जांचे हुई और उसे कहां रेफर किया गया है, आशा कार्यकर्ता के माध्यम से गर्भवती महिला के परिवार के सदस्यों को भी प्रेरित किया जाएगा, ताकि गर्भवती महिला को समय पर स्वास्थ्य सेवायें मिल सकें। नवीन अनमोल पोर्टल 2.0 एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं का पंजीकरण और प्रसूताओं को दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की ट्रैकिंग और प्रबंधन को सरल बनाता है। नवीन संस्करण में गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, हाई रिस्क गर्भावस्था की पहचान संबंधी रिकार्ड, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की लाइन लिस्ट बनाई जाएगी, जिसमें संपर्क विवरण भी शामिल होगा।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने गुन्नौर विधानसभा के सक्रिय सदस्य सम्मेलन को किया संबोधित

# कार्यकर्ताओं के परिश्रम से आदर्श बना मध्यप्रदेश का भाजपा संगठन - शर्मा

**पन्ना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने विगत दिवस पार्टी के स्थापना दिवस के तहत 'गांव-बस्ती चलो अभियान' में पन्ना जिले के गुन्नौर के सक्रिय सदस्य सम्मेलन को संबोधित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने गुन्नौर विधानसभा में सक्रिय सदस्य सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बूथ के कार्यकर्ता ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत हैं।**





कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से हमने सदस्यता अभियान में मध्यप्रदेश भाजपा ने 1.72 करोड़ से अधिक प्राथमिक सदस्य जोड़े। आप भाजपा के चेहरे हैं और आप ही जनता के बीच भाजपा की छवि बनाते हैं। आपके बल पर ही मध्यप्रदेश का भाजपा संगठन देश में आदर्श संगठन के रूप में जाना जाता है। भाजपा महापुरूषों के त्याग, तपस्या और बलिदान से बनी है, हमारी पार्टी राष्ट्र प्रथम के भाव से कार्य करते हुए देश सेवा के लिए समर्पित है। कार्यकर्ता बूथ-बूथ पर वंचितों को खोजकर प्रदेश सरकार की जनहितैषी योजनाओं का लाभ दिलाएं। जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने के लिए डॉ. मुखर्जी ने बलिदान दिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 1980 में श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में हुई। उससे पहले भाजपा जनसंघ हुआ करती थी। 2025 तक भाजपा की विकास यात्रा किन-किन पड़ावों से होकर गुजरी है, आप सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं को यह जानकारी होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद प्रथम प्रधानमंत्री पं. नेहरू ने संविधान में जम्मू-कश्मीर के लिए धारा 370 का प्रावधान कर दिया। इसके अनुसार वहां का संविधान अलग, प्रधानमंत्री अलग और झंडा भी अलग हो गया। इस धारा के अनुसार जम्मू-कश्मीर में किसी सफाईकर्मी के बेटा-बेटी योग्य होने के बावजूद सफाईकर्मी ही बने रहने के लिए विवश थे। नेहरू मंत्रिमंडल में उद्योग मंत्री रहे डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने इसका विरोध कर मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया और 1951 में पं. दीनदयाल उपाध्याय के साथ जनसंघ की स्थापना की। उन्होंने धारा 370 के विरोध में आंदोलन किया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें जेल में डाल दिया गया और जेल में ही उनकी हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने के लिए डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने अपना बलिदान दे दिया। भाजपा को प्रत्येक कार्यकर्ता को इस बात पर गर्व होना चाहिए कि आप उस पार्टी के सदस्य हैं, जो डॉ. मुखर्जी के बलिदान के आधार पर खड़ी हुई है।

### प्रधानमंत्री मोदी जी अटलजी के सपने को साकार कर रहे हैं

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी एक विजनरी नेता थे। उन्होंने मुंबई के अधिवेशन में कहा था-अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा। श्रद्धेय अटलजी का यह सपना प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में साकार हो रहा है। आज सारी दुनिया में कमल खिल रहा है। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी जब विदेश यात्राओं पर जाते हैं तो दुनिया के मुस्लिम देश भी उन्हें देश के सबसे बड़े सम्मान से सम्मानित करते हैं। भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। ऐसे समय में जबकि पूंजीवाद और साम्यवाद जैसी विचारधाराओं से दुनिया ने किनारा कर लिया है, पं. दीनदयाल उपाध्याय द्वारा दिया गया एकात्म मानववाद का विचार सारी दुनिया को आकर्षित कर रहा है।

### मोदी जी अंत्योदय के सपने को पूरा करने गरीबों को दे रहे पक्के मकान

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी जब पं. दीनदयाल उपाध्याय के गांव नगला चंद्रभान पहुंचे, तो एक प्रदर्शनी में उन्होंने पं. उपाध्याय की झोपड़ी का चित्र देखा, जिसमें उन्होंने अपना जीवन गुजारा। उसे देखकर प्रधानमंत्री श्री मोदी जी की आंखें भर आईं। उन्होंने संकल्प लिया कि आज से देश में कोई गरीब झोपड़ी में नहीं रहेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत हुई। गरीब मां के बेटे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी मां को धुआं उगलते चूल्हे पर खाना बनाते देखा था। परिवार का भोजन बनाने के लिए हर दिन हमारी माता-बहनें 100 सिगरेट के बराबर धुआं अपने फेफड़ों में भरती थीं। माता-बहनों को इस तकलीफ से मुक्ति दिलाने के लिए उन्होंने उज्ज्वला योजना शुरू की, जिसके अंतर्गत 10 करोड़ से अधिक गैस कनेक्शन दिए जा चुके हैं। घर में शौचालय न होने से माता-बहनों को कितनी समस्या होती थी, लेकिन आजादी के बाद 50 सालों तक किसी सरकार ने उनकी इस तकलीफ के बारे में नहीं सोचा। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने घर-घर शौचालय बनवाकर माता-बहनों को कष्ट से मुक्ति दिलाई।

## अवैध निर्माण पर खैर नहीं, एतवारी बाजार में नपा की कार्यवाही वहीं दूसरी तरफ बीड़ी कॉलोनी में अवैध मदरसे पर चला बुलडोजर





**जिले में अवैध निर्माण अब नहीं चलेगा नियम का डंका जोरों पर जो भी अवैध निर्माण करेगा उस पर बुल्डोजर प्रशासन का कभी भी किसी भी समय चल सकता है। अब नियम व मापदण्ड को लेकर प्रशासन सख्त, समूचे दिन चर्चा में रहा मामला एक तरफ एतवारी बाजार में जहां बिना नपा की अनुमति के निर्माण को लेकर नपा ने जेसीबी चलाकर हटाया अतिक्रमण तो वहीं बीडी कालोनी में मदरसा को लेकर जो शिकायत हुई थी तहसीलदार पन्ना के यहां केस दर्ज सुनवाई हटाने के दिये थे निर्देश जो आज हटाने की कार्यवाही भी सामने आई है। भले ही स्वयं से हटाया गया या कैसे हटा यह मामला अवैध निर्माण से जुड़ा हुआ है अब अवैध निर्माण नहीं चलेगा यहां प्रशासन सख्त अतिक्रमणकारियों की खैर नहीं।**

**पन्ना**। नगर में अवैध निर्माण को लेकर प्रशासन सख्त है यह नजर आने लगा आज दिनांक 11.04.2025 को समूचे दिन अवैध निर्माण हटाने या स्वयं से हटाने को लेकर चर्चा में रहा मामला। नपा के द्वारा एतवारी बाजार में जहां अतिक्रमण हटाकर यह साबित कर दिया कि बिना अनुमति अगर निर्माण नियमों को ताक में रखकर जो कार्य करते है उन्हें बख्सा नहीं जायेगा। बल्कि कभी भी प्रशासन का बुल्डोजर चल सकता है जो आज नजर आया। वहीं दूसरी तरफ नगर के बाईपास मार्ग में बनी बीडी बालोनी में मदरसे के निर्माण को लेकर शिकायत हुई थी तहसीलदार पन्ना ने शिकायत दर्ज कर सुनवाई की थी तथा मदरसे को हटाने को लेकर निर्देश भी दिये गये थे स्वयं से हटाया गया या कैसे हटा यह तो हटाये जाने का मामला है। पर अवैध निर्माण अब नहीं चलेगा यह साफ जाहिर हो रहा है तभी तो आज यह कार्यवाहियां जो अतिक्रमण हटाने की सामने आई है इससे स्पष्ट हुआ है कहीं न कहीं प्रशासन सख्त है अवैध निर्माण अब नगर में अब नहीं चलेगा कभी भी कार्यवाही के साथ अतिक्रमण हटाया जा सकता है जो सामने आया है। इस तरह से नगर में अब कानून का ही डंका बजेगा बल्कि नहीं चलेगी अतिक्रमणकारियों की ताकत भले ही किसी भी तरह के प्रयास हों अब अतिक्रमणकारियों की खैर नहीं।

## वन व्यवस्थापन का कार्य तेजी से पूर्ण कराएं- कमिश्नर



**पन्ना**। कमिश्नर सागर संभाग डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में गत दिवस वन विभाग की संभाग स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में वनों की अवैध कटाई रोकने, अवैध शिकार के प्रकरणों को रोकने, वन व्यवस्थापन के प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने सहित कई अन्य निर्णय लिए गए। वन विभाग की संभाग स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कमिश्नर डॉ. रावत ने कहा कि सभी जिलों में वन व्यवस्थापन के प्रकरणों के निराकरण में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है। वन व्यवस्थापन के प्रकरणों के निराकरण मे तेजी लाएं तथा वन व्यवस्थापन के प्रकरणों का निराकरण तेजी से सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि वन क्षेत्रों में खनिजों के अवैध उत्खन्न और परिवहन पर भी सख्त से सख्त कार्यवाही करें और वनों में अवैध खनिजों के उत्खनन के प्रकरणों पर सख्ती से कार्रवाई सुनिश्चित कराएं। बैठक में वन भूमि पर अतिक्रमण के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने वन अधिकारियों को निर्देश दिए कि वन भूमि में किए गए अतिक्रमण से बेदखली की कार्यवाही अप्रैल एवं मई माह में प्राथमिकता के साथ करें और वन भूमि में किए गए अतिक्रमण को मुक्त कराएं। बैठक में वन्य प्राणियों का शिकार करने वाले आदतन अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए कमिश्नर ने कहा कि सागर संभाग के सभी वन वृत्तों में वन्य प्राणियों को अवैध शिकार करने वाले आदतन अपराधियों की सघन निगरानी कर सख्त कार्यवाही करें। बैठक में कमिश्नर ने ग्रीष्म काल में वनों में लगने वाली आग की घटनाओं को रोकने के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश देते हुए कहा कि जंगलों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए ग्रामीणों को जागरूक करें। वन क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों से सतत संवाद स्थापित कर उन्हें जंगलों में आग लगाने से होने वाले नुकसान के विषय में भी जानकारी दें। कमिश्नर ने कहा कि वनों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए इस कार्य में जनमानस की भागीदारी भी सुनिश्चित कराएं। बैठक में वन मंडल अधिकारियों द्वारा वन व्यवस्थापन, वन अधिकार पत्रों के वितरण, वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों के संबंध में भी जानकारी दी गई।

## देवेन्द्रनगर में राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा की गतिविधियों का आयोजन

**पन्ना**। पन्ना जिले में राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा आयोजन की गतिविधियों के क्रम में नगर परिषद देवेन्द्रनगर के चिल्ड्रन पार्क के टाउन हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पोषण प्रदर्शनी भी लगाई गई तथा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में हितग्राहियों की स्वास्थ्य जांच कर दवाईओं का वितरण किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी उदल सिंह ठाकुर द्वारा मोटे अनाज की उपयोगिता तथा पोषण वाटिका के महत्व सहित पूरक पोषण आहार तथा स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण एवं स्वच्छता के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई। संपर्क एप एवं पोषण ट्रेकर एप की ऑनलाइन प्रविष्टियों का हितग्राहियों द्वारा स्वयं अवलोकन करने की जानकारी भी दी गई। साथ ही



वजन निगरानी, पोषण आहार वितरण, खाना-नाश्ता जैसे उपलब्ध होने वाली समस्त सुविधाओं और गतिविधियों को भी विभागीय पोर्टल के जरिए अवलोकन करने के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता शोभल राजे द्वारा पांच आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए 50 कुर्सियां प्रदान की गईं। जनसामान्य को भी आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए खिलौने, पाठ्य सामग्री, बच्चों के विकास के लिए उपकरण, कुर्सी-टेबल इत्यादि सामग्री दान करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी अशोक कुमार विश्वकर्मा सहित पर्यवेक्षक सादिया रूखसार, उमा कुशवाहा, करूणा अवस्थी, नीलेश कुमार पटेल भी उपस्थित रहे।

## गांव चलो अभियानः ककरहटी मंडल के विभिन्न ग्रामों में गुनौर विधायक राजेश वर्मा ने चौपाल लगाकर सुनी लोगों की समस्याएं





**गुनौर**। सरकार के गांव चलो अभियान के तहत आज ककरहटी मंडल के ग्रामों में गुनौर विधायक राजेश वर्मा देवरी गड़ी पहुंचे जहां पर सबसे पहले पहुंच कर भारत माता डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई कार्यक्रम की शुरुआत में सबसे पहले मंडल अध्यक्ष ककरहटी दीपक शर्मा ने गुनौर विधायक डॉ राजेश वर्मा को माला पहनकर उनका स्वागत किया स्वागत की बेला में बारी-बारी से सभी का माला पह नाकर स्वागत किया गया कार्यक्रम की शुरुआत में विधायक ने लोगों से बात की और उनकी समस्याओं को सुना साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कितने लोगों को लाभ मिला और अभी कितने छूट गए हैं यह भी पूछा उन्होंने बताया कि भाजपा की सरकार में कोई भी गरीब योजना के लाभ से नहीं वंचित रहेगा सभी को लाभ दिया जाएगा 30 अप्रैल तक प्रधानमंत्री आवास के फॉर्म भरे जाने हैं आप सभी लोग जो छूट गए हैं वैसा अपना अपना आवेदन कर दें ताकि आपका भी घर पक्का बन सके साथ ही उन्होंने वृद्धा पेंशन के बारे में उपस्थित ग्राम पंचायत की बुजुर्ग महिलाओं से बातचीत की और पूछा कि आप लोगों को वृद्धा पेंशन मिल रही है या नहीं इसी तरह समा ना ग्राम पंचायत में चौपाल लगाकर लोगों से संवाद किया उनकी समस्याएं सुनी और अंत में ककर हटा में चौपाल लगाकर लोगों से नल जल योजना के बारे में पूछा पेयजल और हैंडपंप कितने हैं क्या स्थिति है आने वाले गर्मी के मौसम को लेकर पीने के पानी की और रोड के बारे में भी जानकारी ली नामांकन बटवारा आधार कार्ड लिंक की समस्या लाइट की समस्या को सुना कार्यक्रम में ककरहटी मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा मंडल महामंत्री संजय खरे शक्ति केंद्र संयोजक म नै द्र पांडे देवरी गड़ी बु थ अध्यक्ष मोनू यादव जयकुमार तिवारी नन्हे राजपूत रविराज यादव तरुण पाठक एवं ग्रामीण इस मौके पर उपस्थित रहे।

## कुंजवन में संचालित हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान



**पन्ना**। पन्ना जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर निरंतर जल स्त्रोतों की साफ-सफाई व सामूहिक रूप से श्रमदान कर इनके संरक्षण की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। आज कुंजवन में नगर पालिका परिषद पन्ना एवं जन अभियान परिषद के तत्वाधान में हैण्डपंप के उपयोग युक्त जल को सोखता गड्ढे के माध्यम से जल संरक्षण का कार्य किया गया। जन सहभागिता से नवीन सोखता गड्ढा का निर्माण भी किया गया। नवांकुर संस्था उन्नत शिखर संघर्ष समिति द्वारा कुंजवन में दीवार लेखन कार्य व संगोष्ठी कार्यक्रम कर जागरूकता रैली भी निकाली गई। स्थानीयजनों को अभियान में सहभागी बनने का संकल्प भी दिलाया गया। जन सहभागिता से अन्य स्थानों पर भी जल स्त्रोतों के संरक्षण का कार्य शुरू कराया गया।

## करंट की चपेट में आने से 45 वर्षीय किसान की मौत



**पन्ना**। जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम पगरा में एक किसान परिवार के ऊपर उस वक्त आकाश में बिजली टूट पड़ी जब घर का लालन-पालन करने वाला ही काल के गाल में समा गया जब घर का पालन करता विद्युत करंट की चपेट में असमय खत्म हो गया घटना के बाद पूरे घर परिवार में कोहराम मच गया घटना के विषय में ज्ञात हुआ है कि गरीब निधान सिंह यादव पिता हरि सिंह यादव उम्र 45 वर्ष निवासी पगरा अपने घर से खलिहान की ओर जा रहा था और नीचे जमीन पर विद्युत लाइन पड़ी हुई थी जो कई जगह से कटी हुई थी अचानक अचानक उस का पैर लाइन की संपर्क में आ गया और वह और वह विद्युत करंट खाकर लाइन पर ही गिर गया जब उसे यह करंट लगा तो मौके पर आसपास कोई नहीं था देखते ही देखते किसान की मौत हो गई और जब राहगीर वहां से निकले तो उन्होंने उसे मृत अवस्था में देखकर घबरा गएऔर घटना की सूचना उसके घर परिवार वालों को और स्थानीय पुलिस थाना वालों को दी पुलिस मौके पर पहुंची जब देखा तो वह खत्म हो चुका था पुलिस ने मौके पर ही पंचनामा कार्यवाही की और उसे पीएम के लिए अमानगंज सीएससी भेजो घटना स्वयं करीब 7:00 के आसपास बताई जा रही है ज्ञात हुआ है कि यह निदान सिंह मध्यवर्गीय किसान परिवार से है और घर का लालन-पालन करने वाला यही था घर में छोटे-छोटे बच्चे हैं इसकी खत्म हो जाने से पूरा परिवार अब सड़क पर आ चुका है सारे गांव में अशोक का एक बड़ा माहौल था इस सूचना पर स्थानीय पुलिस ने मामले में मार्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है अब राज्य सरकार को चाहिए ऐसे गरीब परिवार को कुछ राहत राशि दे घटना जो होने की हो तो वह घट चुकी है ऐसी गांव में चर्चा ही थी।

## खबर संक्षेप



### एसडीएम ने अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**मिली एक्सपायरी दवाएं, अस्पताल प्रबंधन को लगाई फटकार**

**बड़ामलहरा।** सिविल अस्पताल बड़ामलहरा में स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली तब उजागर हुई जब एसडीएम आयुष जैन ने शुक्रवार को अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में मरीजों को एक्सपायरी दवाएं वितरित किए जाने की जानकारी सामने आई, जिस पर एसडीएम ने अस्पताल प्रबंधन को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही अन्य व्यवस्थाओं में लापरवाही पाए जाने पर भी गहरी नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के बाद एसडीएम आयुष जैन ने बताया कि सिविल अस्पताल में कई गंभीर अनियमितताएं पाई गईं हैं। उन्होंने बताया कि मरीजों को एक्सपायरी डेट की दवाएं दी जा रही थीं, जो स्वास्थ्य के साथ खुला खिलवाड़ है। इसके अलावा डॉक्टरों द्वारा मरीजों को निजी मेडिकल स्टोर से दवाएं खरीदने के लिए पर्चे दिए जा रहे हैं, जो सरकारी व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने बताया कि अस्पताल परिसर में न तो ओपीडी काउंटर पर टीन शेड है और न ही पेयजल की समुचित व्यवस्था। वाटर कूलर बंद मिला और इंजेक्शन रखने के लिए आवश्यक फ्रीजर भी बंद स्थिति में पाया गया। स्वास्थ्य सुविधाओं में लापरवाही बरतने पर एसडीएम ने मौके पर मौजूद डॉक्टरों को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि जिम्मेदारों को शो-कॉज नोटिस जारी किया जाएगा। साथ ही, उन्होंने इस पूरे मामले की रिपोर्ट तैयार कर जिला कलेक्टर को अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए प्रस्तावित करने की बात भी कही है। एसडीएम के इस औचक निरीक्षण से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है और आने वाले दिनों में इस पर कड़ी कार्रवाई की उम्मीद जताई जा रही है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत धुबेला व पड़रिया जलाशय की हुई सफाई



**छतरपुर।** जिले में कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत आमजन को जल संरक्षण जागरूकता शपथ, जलाशयों में श्रमदान कर स्वच्छता कार्य सहित जल की महत्वता पर जन चौपालों के माध्यम से परिचर्चाएं की जा रही है। विगत दो दिवसों में जल गंगा संवर्धन में तहसील सटई के ग्राम रौरा में पड़रिया जलाशय की नहर सफाई और बेड लेवलिंग का कार्य प्रारम्भ किया गया और धुबेला तालाब व कमोदपुरा तालाब में स्वच्छता क्लियरेंस का कार्य किया गया। साथ ही बेनीसागार बांध खजुराहो, कुटनी डैम में अनुप्रवाह एवं प्रतिप्रवाह में सफाई कार्य किया गया। इसके अलावा भरतपुरा टैंक बिजावर और बड़ामलहरा तालाब में स्वच्छता का कार्य किया गया।

### आईटीआई में प्राइवेट कैंडिडेट के तौर पर अभ्यर्थी ले सकते हैं प्रवेश

**छतरपुर।** शासकीय आईटीआई में डीजीटी की नवीन योजना अनुसार सत्र 2024 में अभ्यर्थी प्राईवेट कैंडिडेट के तौर पर प्रवेश के लिए सम्मिलित हो सकते है। इसके लिए पूर्व से किसी ट्रेड से पास आउट अभ्यर्थी अपनी ट्रेड के अलायड ट्रेड में प्रवेश हेतु समस्त दस्तावेजों तथा अनुभव प्रमाण पत्र के साथ 17 अप्रैल 2025 तक नजदीकी शासकीय आईटीआई में संपर्क कर सकते हैं। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने आईटीआई पास आउट जिनके पास एनटीसी है एवं एक साल का अनुभव है। आईटीआई की सीईओ योजना के तहत प्रशिक्षणार्थी जिन्होंने 1 साल बाद अनुभव प्राप्त किया हो। आईटीआई से एससीव्हीटी से उत्तीर्ण के पुराने प्रशिक्षणार्थी अगस्त 2018 तक एवं जिनकी आयु 21 वर्ष है अथवा 03 साल का अनुभव है तथा आवेदक जो किसी उद्योग या किसी कंपनी में कार्यरत है वे इस योजना का लाभ ले सकते है।

## हरपालपुर की सत्तन तलैया और पार्क का हुआ लोकार्पण



हरपालपुर।

महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर परिषद हरपालपुर में सत्तन तलैया सौंदर्यीकरण और पार्क निर्माण कार्य का लोकार्पण गुरुवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक कामाख्या प्रताप सिंह ने लोकार्पण के साथ वृक्षारोपण भी किया।

उल्लेखनीय है कि कुल 80 लाख रुपये की लागत से बनी परियोजनाओं में सत्तन तलैया के गहरीकरण के लिए 12 लाख 41 हजार रुपये तथा सौंदर्यीकरण के लिए 55 लाख रुपये मिले थे। इसके अलावा लहचूरा रोड पर बड़ी कुटी के पास वीरांगना लक्ष्मीबाई नवीन पार्क के निर्माण के लिए 25 लाख रुपये अमृत 2.0 योजना के तहत स्वीकृत किए गए थे। परियोजना के तहत सत्तन तलैया सौंदर्यीकरण में घाट निर्माण, लाइटिंग, पाथवे, ग्रीन स्पेस, पिचिंग, इनलेट-आउटलेट और एरिएटर का निर्माण पूरा कर लिया गया है, जिसका लोकार्पण बीते रोज पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह उर्फ भंवर राजा और विधायक कामाख्या प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम में हरपालपुर नगर परिषद अध्यक्ष अमित अग्रवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी धीरेंद्र सिंह तोमर, पार्षद और अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के बाद मानवेंद्र सिंह और कामाख्या प्रताप सिंह ने वृक्षारोपण किया।

## चलती हुई कार का टायर फटा, सड़क हादसे में 8 घायल



**छतरपुर।** बीते रोज बड़ामलहरा क्षेत्र में एक बोलेरो कार का टायर फटने से भीषण सड़क हादसा हो गया। इस दुर्घटना में 8 लोग घायल हुए हैं, जिसमें 6 को गंभीर चोटें आई हैं जबकि 2 मामूली रूप से जख्मी हुए हैं। गंभीर घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया है।

ग्राम खडग़ांय निवासी मोहन अहिरवार ने बताया कि ग्राम सेवार के रहने वाले उसके रिश्तेदारों का परिवार अपनी बेटी की शादी पक्की करने के लिए ग्राम मऊखेरा जा रहा था। इसी दौरान बड़ामलहरा थाना क्षेत्र में ग्राम सेंधपा के समीप बोलेरो कार का टायर ब्लास्ट हो गया और कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में कुल 8 लोग घायल हुए, जिनमें कल्लू अहिरवार, रामपाल, रम्मू, छन्नू लाल, बाबू और प्रीतम गंभीर रूप से घायल हैं, जबकि दो अन्य को मामूली चोटें आई हैं। सभी घायल सेवार गांव के निवासी हैं। हादसे के बाद घायलों को बड़ामलहरा उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया था, जहां से गंभीर घायलों को छतरपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

## अकेलेपन से तंग आई महिला ने किया कीटनाशक का सेवन



**छतरपुर।** अकेलापन मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर गहरा असर डालता है, जो कई बार गंभीर परिणामों की ओर ले जाता है। ताजा मामला जिले के गौरिहार थाना क्षेत्र के ग्राम कितपुरा से सामने आया है, जहां अकेलेपन से जूझ रही एक महिला ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। हालत बिगडऩे पर परिवार के लोग उसे जिला अस्पताल लेकर आए हैं, जहां उसका इलाज जारी है।

जिला अस्पताल में उपचाररत 40 वर्षीय अमृता लखेरे ने बताया कि उसकी पुत्री का विवाह हो चुका है और उसका पति दिनेश बाहर रहता है, जिससे वह घर पर अकेली रहती है। कल दोपहर को घरेलू काम-काज के दौरान उसे भारी अकेलापन महसूस हुआ जिसके चलते उसने गेहूं में डाली जाने वाली कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। हालत बिगडऩे पर परिवार के लोग उसे गौरिहार के उप स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से उसे छतरपुर रेफर किया गया। फिलहाल जिला अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

**पुलिस ने जनता के बीच आयोजित किया जनसंवाद कार्यक्रम**

## चोरी का खुलासा होने पर ग्रामीणों ने पुलिस को किया सम्मानित



**छतरपुर।** बीती शाम पुलिस द्वारा बमीठा थाना क्षेत्र के चंद्रनगर में जनता के बीच जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस ने लोगों को जागरूक करते हुए महत्वपूर्ण जानकारी दी, जिसमें सतर्कता और अपराध नियंत्रण पर जोर दिया गया। वहीं, पिछले दिनों पुलिस द्वारा किए गए चोरी के सफल खुलासे को लेकर ग्रामीणों ने पुलिस टीम को शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित भी किया।

जनसंवाद का उद्देश्य पुलिस और नागरिकों के बीच संवाद स्थापित कर आपसी समझ बढ़ाना था। खजुराहो एसडीओपी नवीन दुबे ने लोगों को संबोधित करते हुए सतर्क और सजग रहने की सलाह दी, ताकि अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हो सके। उन्होंने कहा कि इस तरह के संवाद और सहयोग से न केवल अपराध कम होंगे, बल्कि पुलिस-जनता के बीच विश्वास की मजबूत कड़ी भी बनेगी। पुलिस ने गांव के बुजुर्गों, युवकों, किशोरों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी और उन्हें शिक्षा, अनुशासन पर ध्यान देने, अपराधिक गतिविधियों से दूर रहने, सकारात्मक सोच अपनाने की अपील की। साथ ही, अवैध हथियार, मादक पदार्थ और संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी देने के लिए पुलिस हेल्पलाइन नंबर 7049101021 साझा किया गया। कार्यक्रम में चंद्रनगर में हुई बड़ी चोरी का खुलासा करने वाली पुलिस टीम का ग्रामीणों ने आभार जताया। इस मौके पर सरपंच राकेश कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



## 16 को सामूहिक अवकाश पर जाएंगे संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी

**संगठन ने सीएमएचओ को दी सामूहिक अवकाश की सूचना**

**छतरपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को संविदा नीति 2023 का पूर्ण लाभ दिलाने, आयुष्मान कार्ड जारी करने और वेतन विसंगति दूर करने की मांग को लेकर चल रहे चरणबद्ध आंदोलन के तहत शुक्रवार को संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की जिला इकाई ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सामूहिक अवकाश की सूचना पत्र सौंपा है।

संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी संविदा नीति 2023 की सभी शर्तों को कर्मचारियों पर पूरी तरह लागू नहीं किया जा रहा है, जिसके विरोध में एनएचएम के 32 हजार संविदा कर्मचारियों ने 16 अप्रैल 2025, बुधवार को प्रदेश भर में सामूहिक अवकाश पर रहने का निर्णय लिया है। इस दौरान वे मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपेंगे, ताकि उनकी मांगों पर ध्यान दिया जा सके।

## अभिषेक के रक्तदान से गर्भवती महिला को मिला नया जीवन



**छतरपुर।** प्रसव पीड़ा होने पर एक गर्भवती महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। ड्यूटी डॉक्टर ने जांच उपरांत बताया कि ऑपरेशन से बच्चा होगा लेकिन ऑपरेशन की स्थिति तभी बन सकेगी जब महिला को एक यूनिट खून चढ़ाया जाएगा। गर्भवती महिला के परिजन ऑन के माध्यम से खैरो निवासी अभिषेक पटेरिया तक यह जानकारी पहुंची। युवक एक गर्भवती महिला की जान बचाने के लिए न केवल रक्तदान के लिए सहर्ष तैयार हुआ बल्कि तुरंत अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। 25 वर्षीय अभिषेक के रक्तदान से गर्भवती महिला को नया जीवन मिला। चूंकि रक्त आर्टिफिशियल रूप से नहीं बनता, शरीर में रक्त की कमी की पूर्ति के लिए किसी न किसी को रक्तदान करना पड़ता है। हालांकि आज के समय नौजवान आगे बढ़कर इस पुनीत कार्य में सहयोग कर रहे हैं। अभिषेक ने कहा कि वह समय-समय पर जरूरतमंदों के लिए रक्तदान करता रहता है उसने युवकों से रक्तदान करने की अपील

### नौगांव और गढ़ीमलहरा पुलिस ने दबोचे सटोरिए

**छतरपुर।** नौगाँव और गढ़ीमलहरा पुलिस द्वारा सट्टा के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एक-एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि झांसी-खजुराहो फोरलेन हाईवे ब्रिज के नीचे मैच में ऑनलाइन सट्टा खिला रहे प्रतीक सिंह राजावत पुत्र छत्रपाल सिंह निवासी ग्राम चौबारा के संबंध में नौगांव पुलिस को जानकारी मिली थी, जिसके बाद पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। प्रतीक के पास से दो मोबाइल फोन जब्त कर भारतीय न्याय संहिता एवं पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। इस मामले में पुलिस एक अन्य संदिग्ध अभय सिंह की तलाश भी कर रही है। इसी तरह गढ़ीमलहरा पुलिस को गल्ला मंडी के सामने लुगासी रोड पर ऑनलाइन सट्टा लगाने की सूचना मिली थी, जिसके आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर चंदन बेलदार पुत्र मलखान बेलदार, निवासी वार्ड क्रमांक 5, कस्बा गढ़ीमलहरा को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से सट्टा में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन जब्त किया गया है और पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गय है।

## भारतीय सफाई मजदूर संघ के जिला कार्यालय का हुआ शुभारंभ

### जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन, नगर अध्यक्षों की हुई नियुक्ति



**छतरपुर।** भारतीय सफाई मजदूर संघ, जिला छतरपुर द्वारा बुधवार को जिला कार्यालय का भव्य शुभारंभ एवं तहसील-ब्लॉक कार्यकारिणी की विशेष बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संघ के जिला अध्यक्ष आदित्य बाल्मीकि ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हीरा रानवे प्रदेश अध्यक्ष, भारतीय सफाई मजदूर संघ एवं अमित कछवाहा पूर्व सदस्य, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने फीता काटकर जिला कार्यालय का शुभारंभ किया और सफाई कर्मचारियों की समस्याओं एवं आवश्यक मांगों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया एवं नगर अध्यक्ष के रूप में घुवारा से कुलदीप बाल्मीकि, राजनगर से महेश बाल्मीकि, खजुराहो से सोनू वाल्मीकि, चंदला से राकेश भारती, बारीगढ़ से संजय कुंडे को नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम के पश्चात मुख्य अतिथियों और विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत सिंगरी नदी स्थित वाल्मीकि मंदिर में प्रदेश अध्यक्ष, संपूर्ण प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिला कार्यकारिणी द्वारा पूजन एवं श्रद्धांजलि अर्पण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हरेंद्र सिंह बुंदेला, पटेरिया जी, मगनलाल वाल्मीकि, प्रकाश से शिगोते, वीरेंद्र सिगोते, भूपेंद्र सिंह बुंदेला, डॉ. राजेंद्र सिंह, सैनी जी, कमलेश डागोर, सोनू डागर, जितेंद्र चुटिले, लाल बहादुर अहिरवार, नीरज बाल्मीकि, हेमेंद्र बाल्मीकि, रवि पथरोल, महेंद्र गुरु प्रसाद, रंजीत सरवन, संजीव सरवन, अजीत सरवन, आशीष वाल्मीकि, वीरू वाल्मीकि, संतोष नाहर, लखन करोसिया, आशु नाहर, संजीत सारवान, मनीष अहिरवार, जितेंद्र अहिरवार सहित समस्त जिला एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का सराहनीय सहयोग रहा।

## विश्व पार्किंसंस दिवस पर जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यशाला



**छतरपुर।** विश्व पार्किंसंस दिवस के अवसर पर शुक्रवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) छतरपुर के सदस्यों ने जिला चिकित्सालय में एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पार्किंसंस रोग के बारे में जागरूकता फैलाना था। डॉ. शरद मिश्रा ने इस दौरान बीमारी के लक्षण, उपचार और बचाव के तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी, जिससे उपस्थित लोगों को लाभ हुआ। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. जीएल अहिरवार, आईएमए अध्यक्ष डॉ. गायत्री नामदेव, उपाध्यक्ष डॉ. रचना चौरसिया, आरएमओ डॉ. अमित अग्रवाल, डॉ. आरके वर्मा, डॉ. राजकुमार अवस्थी, डॉ. शोएब रजा, डॉ. सुरेंद्र शर्मा, सचिव डॉ. ऋषि द्विवेदी, मैट्रन श्रीमती सेवा, राजेश रिछारिया, सुरेंद्र और अन्य नर्सिंग ऑफिसर व स्टाफ मौजूद रहे। इस पहल से पार्किंसंस रोग से निपटने के प्रति जागरूकता बढऩे की उम्मीद है।

## एनसीएल ने बाल कुपोषण और मृत्यु दर पर आयोजित किया क्षमता निर्माण कार्यक्रम

### सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी व आईआईटी बॉम्बे के प्रोफेसर डॉ सतीश बी. अग्निहोत्री ने दिया व्याख्यान



**सिंगरौली। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने शुक्रवार को "बाल कुपोषण और मृत्यु दर में कमी विषय पर एकदिवसीय क्षमता निर्माण सत्र का आयोजन किया। यह सत्र एनसीएल के सीईटीआई स्थित मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट में संपन्न हुआ।**

कार्यक्रम में सीएमडी एनसीएल बी. साईराम, निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) सुनील प्रसाद सिंह, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, सिंगरौली के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रतिनिधिगण, मुख्यालय एवं विभिन्न परियोजनाओं से सामुदायिक विकास के विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विशेष तौर पर आमंत्रित सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रौद्योगिकी विकल्प केंद्र (सीटीएआरए), आईआईटी बॉम्बे के प्रोफेसर डॉ सतीश बी. अग्निहोत्री ने व्याख्यान दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएमडी एनसीएल ने सिंगरौली की भौगोलिक व जननांकीय स्थित के परिप्रेक्ष्य में स्थानीय समाज के समावेशी विकास के लिए एनसीएल सीएसआर की जिम्मेदारियों को महत्वपूर्ण बताया। उन्होने विश्व स्वास्थ्य संगठन के वैश्विक आंकड़ों व संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को ध्यान में रखकर हेल्थ फॉर ऑल हेतु कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही नई तकनीक व सामाजिक नवाचार के माध्यम से समाज को नव आयाम देने हेतु प्रेरित किया।

डॉ सतीश बी. अग्निहोत्री ने अपने व्याख्यान में बाल कुपोषण के कारणों, इसके प्रभावों तथा सीएसआर पहलों के ज़रिए इससे निपटने की रणनीतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होने बाल कुपोषण, सामाजिक नीति में मानचित्रण एवं तकनीकों के उपयोग, डेटा एवं इसका सटीक विश्लेषण जैसे विभिन्न विषयों को उदाहरण व केस स्टडीस के माध्यम से समझाया।

गौरतलब है कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य सीएसआर के क्षेत्र में कार्य कर रहे एनसीएल कर्मियों को 'बाल कुपोषण और मृत्यु दर' एवं उससे संबन्धित विभिन्न विषयों पर प्रभावी तरीके से कार्य करते हेतु बेहतर नियोजन बनाना व उनका व्यवहारिक समाधान प्रस्तुत करना था। कार्यक्रम का आयोजन महाप्रबंधक (सीएसआर) श्री राजीव रंजन एवं उनकी टीम के संयोजन में हुआ ।

## दो नग स्प्रिंकलर वाटर मशीन का विधायक, महापौर व निगम अध्यक्ष ने किया लोकापर्ण, मशीन के आने से अब डस्ट मुक्त होगा नगर



**सिंगरौली।** नगर प्रशासन ने नगर को स्वच्छ और धूल मुक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब नगर की सड़कों पर स्प्रिंकलर वाटर मशीन चलाई जाएगी, जिससे मुख्य बाजार सहित अन्य स्थानों पर धूल की समस्या से राहत मिलेगी। आज नगर निगम परिषर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम निवास शाह, महापौर रानी अग्रवाल एवं निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर दो नग नवीन वाटर स्प्रिकल मशीन का विधिवत लोकापर्ण किया गया। इस अवसर पर विधायक शाह ने कहा कि इस विशेष मशीन से नगर क्षेत्र को धूलकण से मुक्त किया जाएगा, जिससे सफाई व्यवस्था और बेहतर बनेगी और नगर अधिक स्वच्छ रहेगा। उन्होने कहा कि वाटर स्प्रिंकलर मशीन आने से शहर में प्रदूषण काफी हद तक नियंत्रण रखेगा। वही कार्यक्रम में महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल ने कहा कि वाटर स्प्रिंकलर मशीन शहर के उड़ती धूल को पूरी तरह कम करेगी. मशीन के दाएं-बाएं के फुहारे और सामने से पानी के छिड़काव से प्रदूषण पूरी तरह नियंत्रित रहेगा. नियमित रूप से यह मशीन शहर चलायेगी जायेंगी ताकि नगरीय क्षेत्र में निवासरत नगारिको को प्रदूषण से मुक्ति मिल सके।कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुयें नगर निगम आयुक्त श्री डी.के शर्मा ने मशीन की खूबियो से अवगत कराते हुयें कहा कि मशीनो को लाने का उद्देश्य शहर के बड़ते प्रदूषण को कम करना था। आज इनका लोकपर्ण किया गया है। मशीने अब नियमित रूप से समय समय पर शहर की सड़को में पानी छिड़काव कर प्रदूषण को कम करने का कार्य करेगी। इस अवसर पर मेयर इन काउसिल के सदस्य खुर्शीद आलम, श्यामला देवी, पार्षद संतोष शाह, आशीष बैस, नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर आरपी बैस, सहित पार्षद गण एवं निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में दिवंगत निरीक्षक की पत्नी को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता



**रीवा ।** पुलिस महानिरीक्षक रीवा गौरव राजपूत ने रीवा जिले में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक स्वर्गीय फूलचंद्र रजक की सड़क दुर्घटना में दुखद मृत्यु के उपरांत उनकी पत्नी श्रीमती प्रेमा रजक को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की। यह सहायता राशि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत दी गई है। रीवा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ने श्रीमती प्रेमा रजक को रीवा पुलिस कार्यालय में बुलाकर एक करोड़ की राशि का चेक सौंपा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह तथा पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री राजपूत ने कहा कि पुलिस विभाग अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों की सुरक्षा एवं कल्याण के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने स्वर्गीय फूलचंद्र रजक की सेवाओं को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवार को इस कठिन समय में धैर्य बनाए रखने की बात कही। एसबीआई के पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत कार्यरत पुलिसकर्मियों को सड़क दुर्घटना जैसी घटनाओं में बीमा सुरक्षा उपलब्ध कराई जाती है, जिससे उनके परिवार को आर्थिक रूप से सहायता मिल सके। श्रीमती प्रेमा रजक ने इस सहयोग के लिए पुलिस विभाग और बैंक के प्रति आभार व्यक्त किया। यह सहायता राशि उनके और परिवार के लिए एक नई आशा की किरण साबित होगी। इस पहल से पुलिसकर्मियों को यह संदेश भी गया कि उनकी सेवा और बलिदान को विभाग द्वारा ससम्मान स्वीकार किया जाता है।

### जल संरक्षण कार्यों का विवरण पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज करें हर व्यक्ति को जल संरक्षण कार्य से जोड़ें - सीईओ

**रीवा ।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि अभियान से जुड़े सभी 16 विभाग निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार जल संरक्षण का कार्य कराएं। कार्यों का विवरण अच्छे फोटोग्राफ के साथ माई भारत पोर्टल पर अपलोड कराएं। जल संरक्षण और संवर्धन वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जल संरक्षित रहा तभी भावी पीढ़ी का जीवन सुरक्षित होगा। जिले भर में जागरूकता अभियान चलाकर हर व्यक्ति को जल संरक्षण कार्य से जोड़ें। जिला शिक्षा अधिकारी एवं क्षेत्र संचालक अपर शिक्षा शिक्षण संस्थाओं में जल संरक्षण के संबंध में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कराएं। विद्यार्थियों का जलदूत के रूप में पंजीयन भी कराएं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि कार्यपालन यंत्री जल संसाधन सभी नहरों की साफ-सफाई का अभियान चलाएं। छोटे सिंचाई तालाबों में सुधार और सफाई का कार्य करें। वन विभाग वन क्षेत्र में छोटे तालाबों का निर्माण करने के साथ जल स्रोतों की साफ-सफाई का अभियान चलाएं। चेक डैम, परकुलेशन टैंक जैसी जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण कराएं। उप संचालक कृषि तथा सहायक संचालक उद्यानिकी किसान संगोष्ठी करके किसानों को जागरूक करें। साथ ही स्प्रिंकलर के उपयोग के लिए किसानों को जागरूक करें। कार्यपालन यंत्री पीएचई नलजल योजनाओं तथा हैण्डपंपों में रिचार्ज संरचना बनाने का अभियान चलाएं। गत वर्ष 10 हजार हैण्डपंपों में रिचार्ज सिस्टम बनाए गए थे। इनकी साफ-सफाई कराएं। जल गंगा संवर्धन अभियान में भी 10 हजार हैण्डपंपों में रिचार्ज सिस्टम बनाएं। सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी पक्के घरों में रैन हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने के साथ नगरीय क्षेत्र के हैण्डपंपों में रिचार्ज सिस्टम बनवाएं।बैठक में परियोजना अधिकारी मनरेगा शिव सोनी ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

# वाहन चेकिंग से बाइक चोर गिरोह तक पहुंची पुलिस, चार गिरफ्तार

रीवा

शहर की बिछिया पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान पकड़े गए शातिर बदमास के निशानदेही पर बाइक चोर गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन चोरी की बाइक बरामद की है। मिली जानकारी के अनुसार रीवा जोन के नवागत आईजी गौरव राजपूत के निर्देशन में चलाए जा रहे वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बिछिया थाना प्रभारी मनीषा उपाध्याय की टीम ने एक संदिग्ध व्यक्ति को भागने की कोशिश करते हुए गड्डी रोड के पास पकड़ा। जिसने पूछताछ में बाइक चोरी की बात कबूल कर ली। आरोपी के खुलासे के बाद पुलिस ने उसके तीन अन्य साथियों को पकड़ा जिनके कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिलों को भी बरामद किया है। गिरफ्तार किए गए चारों आरोपी रीवा के ही रहने वाले हैं और जबलपुर सहित रीवा के विभिन्न इलाकों से बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम देते



थे। पूरे मामले मे सीएसपी शिवली चतुर्वेदी ने बताया कि यह गिरोह जबलपुर और रीवा के अलग-अलग स्थानों से बाइक चोरी करता था। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है, पकड़े गए गिरोह से और भी खुलासे होने की संभावना है। पुलिस इस गिरोह के नेटवर्क और उनके द्वारा बेची गई अन्य बाइकों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है।बाक्सये आरोपी हुए गिरफ्तारबिछिया पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में आरोपी गुलफाम अली उर्फ साबिर अली पिता सौकत अली 27 वर्ष निवासी घोघर, कज्जू साहू पिता रामकुमार साहू 18 वर्ष निवासी कुठुलिया, राज खान उर्फ ब्लैकी पिता समसाद खान 20 वर्ष निवासी घोघर व सहजाद अंसारी पिता ख्वाजा अंसारी 25 वर्ष निवासी जैन मंदिर के पास कटरा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गई काले कलर की बाइक हीरो होण्डा सीडी डीलक्स व दो हीरो स्प्लेंडर प्लस जब्त की है।

# रेलवे परियोजना के निर्माण कार्यों में तेजी लाएं राजस्व अधिकारी

## निर्माण कार्यों की बाधाओं का मौके पर समाधान करें - कमिश्नर

रीवा

कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने ललितपुर सिंगरौली रेलवे लाइन में सतना, रीवा, सीधी और सिंगरौली में चल रहे कार्यों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि संभाग के सभी जिलों में भू अर्जन का कार्य लगभग पूरा हो गया है। न्यायालयीन प्रकरण अथवा अन्य कारणों से जो प्रकरण शेष हैं उनका भी निराकरण किया जा रहा है। सभी कलेक्टर भू अर्जन प्रकरणों के निराकरण की हर सप्ताह समीक्षा करें। शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए भू अर्जन की कार्यवाही पूरी करें। भू अर्जन करते समय विस्थापित परिवारों के हितों का भी पूरा ध्यान रखें। निर्माण कार्यों के लिए जमीन प्राप्त होने के बाद रेलवे तत्काल उस पर निर्माण कार्य शुरू करे। निर्माण कार्य में देरी होने से कई तरह की कठिनाईयाँ उत्पन्न हो जाती हैं। रीवा से बघवार तक रेलवे लाइन बिछाने का कार्य पूरा हो गया है। सीधी जिले में शेष क्षेत्र में लाइन बिछाने का कार्य तेजी से करें। कमिश्नर ने कहा कि मुआवजा वितरण के बाद भी यदि निर्माण कार्यों में कोई बाधा डालता है तो राजस्व अधिकारी मौके पर जाकर उसका निराकरण करें। रेलवे के अधिकारी तथा राजस्व अधिकारी समन्वय के साथ परियोजना के निर्माण कार्यों को पूरा कराएं। सीधी जिले के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि जो प्रकरण न्यायालय में दर्ज हैं उन्हें लोक अदालत के माध्यम से निराकृत करने का




प्रयास करें। भू अर्जन से प्रभावितों से सतत संपर्क करके लंबित प्रकरणों का निराकरण कराएं। राजस्व अधिकारियों ने भू अर्जन में बहुत अच्छा कार्य किया है। कमिश्नर ने सतना जिले के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि नागौद तहसील में लंबित भू अर्जन के प्रकरणों में 30 दिन में मुआवजा राशि का वितरण कराएं। रीवा-सतना रेलवे लाइन के दोहरीकरण के भू अर्जन प्रकरणों में सात दिवस में मुआवजा का वितरण करें। ग्राम सड़वा, गंगवरिया और विकरा में भू अर्जन की कार्यवाही तत्परता से करें। कमिश्नर ने सिंगरौली जिले के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि पूरी पारदर्शिता के साथ भू अर्जन के प्रकरणों का निराकरण करें। कमिश्नर ने सभी कलेक्टरों को खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों की ई केवाईसी 20 अप्रैल तक पूरी कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी ने बताया कि भू अर्जन के कारण रेलवे निर्माण कार्य में कहीं भी बाधा नहीं है। भू अर्जन से जुड़े प्रकरणों पर तत्परता से कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर ने ग्राम झांझ, रायखोर, पड़खुरी पवाई, पटेहरा, हर्दिहा पवाई, झलवार, ममदर, रघुनाथपुर, कोतरकला, नौढ़िया, मधुरी कोठार सहित विभिन्न ग्रामों के भू अर्जन की ग्रामवार जानकारी दी। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला ने बताया कि चितरंगी तहसील तथा देवसर तहसील में तैयार मुआवजा प्रकरणों पर तत्परता से कार्यवाही की जा रही है। कई स्थानों पर केवल मुआवजे के लिए खसरे में मकानों का उल्लेख किया गया है। इनका मौके पर सत्यापन करके मुआवजा तैयार किया जा रहा है। सत्यापन पूरा होने के बाद मुआवजा राशि का वितरण किया जाएगा। खसरे में असत्य जानकारी दर्ज करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही भी की जा रही है। वीडियो कान्फ्रेंसिंग से बैठक में शामिल कलेक्टर सतना एस सतीश कुमार ने कहा कि रीवा-सतना लाइन दोहरीकरण का मुआवजा 30 अप्रैल के बाद वितरित किया जाएगा। नागौद तहसील में लंबित 12.5 करोड़ का मुआजवजा शिविर लगाकर सात दिवस में भुगतान कर दिया जाएगा। बैठक में सीधी जिले के सभी एसडीएम, संयुक्त आयुक्त राजस्व श्रेयस गोखले, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीधी अरविंद श्रीवास्तव, रेलवे के अधिकारी जीएस मीणा, सुनील प्रजापति, आरके स्वाई, इन्द्रजीत वर्मा तथा मानसिंह मीणा उपस्थित रहे।

# एटीएम में घुसकर सरहंगों ने की तोड़फोड़, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस, सिविल लाइन थाना क्षेत्र के विंध्य विहार कॉलोनी की घटना

रीवा।

शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के विंध्य विहार कॉलोनी के पास स्थित एटीएम मशीन में सरहंगों ने तोडफ़ोड़ की है,वही मामला समाने आने के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। बता दे बीती रात पुलिस को सूचना मिली कि विंध्य विहार कॉलोनी के पास स्थित एक एटीएम मशीन में बदमाशों ने घुसकर जमकर तोड़फोड़ की है, जिसके बाद तत्काल मौके पर पहुंचकर पुलिस ने सीसीटीवी चेक कर पूरे मामले की जांच की है,वही तोडफ़ोड़ की सूचना दुकान मालिक प्रदीप तिवारी को बगल में सैलून चलाने वाले विकास सेन ने दी थी,



जिसके बाद बीती रात सिविल लाइन पुलिस के पास शिकायत पहुंची थी। बैंक प्रबंधन अब सीसीटीवी फुटेज पुलिस को उपलब्ध करा रहा है जिसके बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। घटना की जानकारी के बाद सिविल लाइन थाना प्रभारी कमलेश साहू भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि किसी ग्राहक का 10 हजार रुपए एटीएम में फंस गया था और उसे निकालने के प्रयास में मशीन के कवर को तोड़ा गया है। हालांकि, चोरी की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा रहा है। थाना प्रभारी कमलेश साहू ने बताया कि एटीएम के मैनेजर से संपर्क किया गया है और सीसीटीवी फुटेज की जांच की जाएगी। फुटेज की जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि घटना की सच्चाई क्या है, सिविल लाइन पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# गुढ बायपास से गुज़रने वाली 6 बसों पर की गई चालानी कार्यवाही

**रीवा ।** रीवा आरटीओ को यह शिकायत प्राप्त हुई थी की रीवा से सीधी जाने वाली बसे यात्रियों को गुढ़ बस स्टैंड से लेकर आवागमन नहीं करती।जिससे यात्रियों को काफ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यह बसे यात्रियों को गुढ़ बाईपास से लेकर चलती है जबकि इनका संचालन परमिट के अनुसार गुढ़ बस स्टैंड के अंदर से होना चाहिए।जिस पर संज्ञान लेते हुए आरटीओ रीवा ने परिवहन सुरक्षा स्क्वाड प्रभारी को गुढ़ जाकर ऐसे वाहनों पर चलानी




कार्यवाही करने के निर्देश दिए।परिवहन सुरक्षा स्क्वाड प्रभारी ने तत्काल मौके पर जांच की जांच में 6 बसों पर चालानी कार्यवाही की गई और बस के स्टाफ को यह समझाइस भी दी गई की बसों को नियमानुसार परमिट शर्तों के अनुसार ही संचालित करे जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना न करना पड़े।वहीं पर सर्व सेवा संगठन के अध्यक्ष उमेश त्रिपाठी और उपाध्यक्ष इंद्रपाल उपाध्याय के द्वारा एक ज्ञापन भी सौंपा गया और आज की कार्यवाही से सभी उपस्थित लोग संतुष्ट नजर आए।आरटीओ रीवा ने बस एसोसिएशन के पदाधिकारियों को भी इस संबंध में अवगत कराया कि बसों को बस स्टैंड के अंदर से संचालित करे। आज की कार्यवाही में परिवहन सुरक्षा स्क्वाड रीवा ने 6 बसों पर चालानी कार्यवाही कर 35000/- रुपये का चालान बनाया गया।

# दो गुटों के युवकों के बीच जमकर हुआ विवाद, मौके में पहुंची पुलिस ने स्थिति को किया नियंत्रित, सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बांसघाट मोहल्ले की घटना



**रीवा।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत बांसघाट मोहल्ले में दर्जनों युवकों के बीच आपसी विवाह उत्पन्न हो गया, जहां स्थानीय की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला है, जिसके कारण एक बड़े विवाद होने से टल गया, मिली जानकारी अनुसार बांसघाट मोहल्ले में बीती रात्रि तकरीबन 9 दर्जन भर की संख्या में शराब के नशे में दो पक्षों के युवक लाठी डंडे चाकू और अन्य हथियारों के साथ एक दूसरे से विवाद करना शुरू कर दिया। इसी बीच लड़ाई झगड़े की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल सिविल लाइन पुलिस को दी गई, वही पुलिस गस्त में थी, जिसके कारण पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई जिसे देख युवकों के बीच भगदड़ की स्थिति निर्मित हो गई। सिविल लाइन थाना प्रभारी कमलेश साहू सहित उनके स्टाफ ने कड़ी मशक्कत और घेराबंदी करते हुए कुछ युवकों को मौके से गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से लाठी डंडे भी जप्त किए गए हैं जबकि कई युवक भागने में सफल रहे है। सिविल लाइन थाना प्रभारी ने बताया कि नशे के हालत में दो पक्ष के युवक किसी पुराने विवाद में एक दूसरे से झगड़ा कर रहे थे, जिसकी सूचना के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर युवकों को शांत कराया साथ ही पूरे मामले की जानकारी ली गई।

# थाना प्रभारी के गाड़ी में बैठकर फोटो खिंचवाना युवक को पड़ा महंगा, पुलिस ने दर्ज किया मामला

**रीवा।** सोशल मीडिया की दुनिया में सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए युवक ने कानून को ताक पर रख दिया। पुलिस की वर्दी पहनकर शासकीय वाहन पर सवार होकर अवैध हथियार के साथ फोटो खिंचवाना युवक को भारी पड़ गया। तस्वीरें जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुईं, पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और आरोपी के खिलाफ तत्काल मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई। घटना रीवा जिले के सिरमौर थाना क्षेत्र की है। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक ने संजय गैंगस्टर नामक फर्जी फेसबुक प्रोफाइल से यह फोटो पोस्ट की थी, जिसमें वह पुलिस की वर्दी पहने हुए और सिरमौर थाने के वाहन पर बैठा हुआ नजर आ रहा है। खास बात यह रही कि युवक के पास अवैध हथियार भी मौजूद था, जिसे वह खुलेआम प्रदर्शन करते हुए दिखाई दे रहा था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी की पहचान संजय विश्वकर्मा के रूप में हुई है, जो सदहना गांव का निवासी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट व अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि घटना के बाद से ही संजय फरार है और पुलिस उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। अतिरिक्त पुलिस



अधीक्षक विवेक लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी ने कानून की मर्यादाओं का उल्लंघन किया है। मामले की जांच की जा रही है कि शासकीय वाहन और पुलिस वर्दी उसे किस माध्यम से प्राप्त हुई। फिलहाल, संबंधित थाना प्रभारी और स्टाफ से भी इस विषय पर पूछताछ की जा रही है।

# बहुती जलप्रपात परिसर का होगा कायाकल्प, पर्यटन क्षेत्र को मिलेगा बढ़ावा -कलेक्टर

मऊगंज

जिला मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर दूर नईगढ़ी विकास खंड के माड़ौ ग्राम पंचायत स्थित प्राकृतिक छटा से परिपूर्ण बहुती जलप्रपात क्षेत्र का कलेक्टर संजय कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी द्वारा निरीक्षण किया गया। कलेक्टर जैन द्वारा बहुती जल प्रपात परिसर में बनाए गए रेस्ट हाउस का भी जायजा लिया गया। जैन ने पर्यटन विभाग द्वारा निर्माण कराए गए और आज की स्थिति में जर्जर हालत में हो चुके भवन का बारीकी से निरीक्षण कर कहा कि वास्तव में भवन उत्तम क्वालिटी का बनाया गया है। लेकिन रखरखाव के अभाव में भवन के खिड़की दरवाजे गायब हो चुके हैं। इतना ही नहीं परिसर में आज भी कई निर्माण कार्य आधे अधूरे पड़े हैं। उन्होंने कहा वास्तव में यह प्राकृतिक छटा से परिपूर्ण एवं अपने आप में अलग सौंदर्य लिए आकर्षक स्थल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। मऊगंज जिला मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर दूर स्थित प्राकृतिक छटा से परिपूर्ण पर्यटक क्षेत्र स्थित रेस्ट हाउस का जीर्णोद्धार कर जिले के लिए अद्भुत पर्यटक स्थल बनाया जा सकता है प्रयास होगा कि जर्जर हालत में पड़े रेस्ट हाउस का 3 महीने के अंदर कायाकल्प कर बेहतर रूप दिया जा सके। आज यह भवन रखरखाव के अभाव में खंडहर का रूप ले चुका है उसे फिर से बनाने सजाने एवं पर्यटन के लिए खोलने की तैयारी की जा रही है। कलेक्टर श्री जैन द्वारा बताया गया की भवन का फिर से सौंदर्यीकरण किया जाएगा। जो जिले में अपने आप में प्राकृतिक छटा से पिरोया सर्किट हाउस होगा। प्रपात परिसर में बैरिकेटिंग, रेस्ट हाउस, पीने के लिए पानी, शौचालय एवं अन्य सुविधाएं बनाई जाएगी। कलेक्टर द्वारा बताया गया मऊगंज जिले में अनेक प्राकृतिक संपदाएं हैं व्यापार एवं सौंदर्यीकरण के साथ कुछ विशेष करने की जरूरत है। इस दिशा में प्रयास करने से भविष्य में आकर्षक स्थल होगा। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग के अधिकारियों के बीच चर्चा हुई है





3 माह के अंदर कार्य योजना में गति लाने का प्रावधान बनाया गया है बहुती जलप्रपात परिसर को आकर्षक सर्व सुविधायुक्त एवं जर्जर हो चले रेस्ट हाउस के सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जाएगा। जिसके लिए सभी कार्य योजनाएं बनाई गई है।कलेक्टर ने कहा कि जब सभी प्रकार की शुदृढ़ व्यवस्थाएं हो जाएंगी तब अपने आप सब कुछ अनुकूल हो जाएगा। पूर्ण प्रयास होगा कि अतिसीघ्र बहुती जलप्रपात स्थित परिसर एवं रेस्ट हाउस को ऐसा रूप दिया जाए की मऊगंज जिला क्षेत्र ही नहीं प्रदेश में अब यह स्थान अपनी अलग पहचान से जाना जावे। *बहुती जल प्रपात का मनोरम दृश्य पर्यटकों के लिए बना आकर्षण का केंद्र*मध्य प्रदेश के रीवा सम्भागीय मुख्यालय से 70 किलोमीटर पूर्व उत्तरी एवं नवगठित मऊगंज जिला मुख्यालय से मात्र 8 किलोमीटर उत्तरी छोर पर स्थित बहुती प्रपात ओड्डा नदी से निर्मित है। जो तमसा या टोंस नदी की सहायक नदी है। बहुती जलप्रपात की ऊंचाई 198 मी यानी 650 फिट है। प्राकृतिक छटा से परिपूर्ण बहुती प्रपात जो वास्तव में नईगढ़ी जनपद पंचायत के माड़ौ ग्राम पंचायत में स्थित है। वैसे तो मऊगंज एवं रीवा जिले में पर्यटकों के आकर्षण के कई आकर्षक केंद्र यानी जल प्रपात हैं लेकिन मऊगंज जिले के बहुती जल प्रपात का मनोरम दृश्य कुछ और ही है, जो पूरे क्षेत्र में अपने गहराई एवं प्रकृति द्वारा निर्मित जंगल से आच्छादित परिदृश्य के लिए जाना जाता है। वास्तव में बहुती जैसे प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण जल प्रपात स्थल पर शासन एवं प्रशासन द्वारा एक पर्यटक स्थल के हिसाब से यदि विकास कार्य करा दिया जाए तो राष्ट्र के अन्य पर्यटक स्थलों की तरह बहुती जल प्रपात भी मऊगंज जिले के साथ प्रदेश ही नहीं देश स्तर पर जाना जावेगा।

## मऊगंज कलेक्टर ने 6 अधिकारियों को दिया नोटिस

# सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों में लापरवाही पर मिला नोटिस

**मऊगंज।** कलेक्टर संजय कुमार जैन द्वारा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की हर सप्ताह समीक्षा की जा रही है। प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के 6 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी अलग-अलग नोटिस के अनुसार प्रभारी सीईओ जनपद पंचायत मऊगंज रामकुशल मिश्रा को 50 दिन से अधिक समय से लंबित 108 तथा मार्च माह में दर्ज 226 शिकायतों का निराकरण न करने पर नोटिस दिया गया है। जिला आपूर्ति नियंत्रक कमलेश तांडेकर को खाद्य विभाग के ग्रेड बी में रहने तथा 50 दिन से अधिक समय से लंबित 334 एवं मार्च माह की 195 शिकायतों पर कार्यवाही न करने पर नोटिस दिया गया है।



कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नईगढ़ी कल्पना यादव को मार्च माह की 144 शिकायतों तथा 50 दिन से अधिक समय से लंबित 52 शिकायतों का निराकरण न करने एवं जनपद का ग्रेड सी में होने के कारण नोटिस दिया है। कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय को सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक समय से लंबित 115 प्रकरणों पर कार्यवाही न करने के कारण नोटिस दिया गया है। उपायुक्त सहकारिता लेखराम द्विवेदी को विभागीय ग्रेडिंग वेटेज स्कोर 51 रहने तथा विभाग के डी श्रेणी में रहने के कारण नोटिस दिया गया है प्रभारी सीईओ जनपद पंचायत कमलेश पुरी को जनपद ग्रेडिंग वेटेज स्कोर 61 रहने तथा ग्रेड सी में रहने एवं 50 दिन से अधिक समय से लंबित 102 शिकायतों पर कार्यवाही न करने के कारण नोटिस दिया गया है कलेक्टर ने अधिकारियों को 10 दिवस में सभी लंबित प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए हैं